# अमानगंज थाने में लोकायुक्त की कार्यवाही, रेड के बाद भागे आरोपी

## नगर रक्षा समिति का सदस्य 30 हजार रिश्वत सहित गिरफ्तार, मुख्य आरोपी प्रधान आरक्षक, आरक्षक सहित तीन फरार

नवभारत न्यूज

**अमानगंज/पन्ना 30 सितंबर कल देर रात लगभग पन्ना जिला के थाना अमानगंज में बीती रात लगभग 10.40 पर लोकायुक्त टीम सागर ने छापेमार कार्यवाही कर 30000 रुपये की रिश्वत लेते ग्राम रक्षा समिति के सदस्य राममोल नामदेव को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।**

फोन रिकार्डिंग के आधार पर मुख्य आरोपी अमानगंज थाना में पदस्थ मुख्य आरोपी प्रधान आरक्षक मुकेश सोनी व आरक्षक सतीष श्रीवास मौके से फरार। लोकायुक्त डीएसपी सागर संजय जैन से हासिल जानकारी के अनुसार दिनांक- 27 मई को ग्राम के रहने वाले श्याम सुंदर गौंड का भाई बाल विवाह कर रहा था जिसकी सूचना जिला बाल विवाह नियंत्रण टीम को प्राप्त हुई थी जिन्होंने मौके पर जाकर







बाल विवाह रुकवाया था। यह जानकारी अमानगंज थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक मुकेश सोनी को मिली,उसके बाद मुकेश सोनी द्वारा लगातार दबाब बनाया गया।

प्रधान आरक्षक मुकेश सोनी द्वारा श्याम सुंदर गौंड को थाने बुलाकर कार्यवाही के नाम पर धमकाया गया व मामले को निपटाने के लिए 50000 रुपये की माँग की गई, जिस पर 45000 रुपये देने पर सहमति बनी व पहली किस्त के रुप में 15000 रुपये दिये भी जा चुके थे। उसके बाद ने लोकायुक्त टीम सागर से संपर्क किया, लोकायुक्त टीम सागर ने बीती रात छापेमार कार्यवाही करते हुए एक आरोपी राममोल नामदेव को पकडा एवं बाकी तीन आरोपी - प्रधान आरक्षक मुकेश सोनी, आरक्षक सतीष श्रीवास, रामलाल सोनी - निवासी अमानगंज फरार हो गये। लोकायुक्त टीम सागर ने भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं के साथ मामला पंजीबद्ध किया।

# श्रीमती ऊषा परमार होंगी पन्ना कलेक्टर

## सुरेश कुमार भेजे गए मुरैना

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 30 सितम्बर. अपर आयुक्त भोपाल संभाग एवं वर्ष 2011 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी श्रीमती ऊषा परमार पन्ना की नई कलेक्टर होंगी।**

मूलत: छत्तीसगढ़ निवासी श्रीमती परमार वर्ष 2011 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। 56 वर्षीय नवागत कलेक्टर श्रीमती परमार ने एमएससी भौतिकी की उपाधि प्राप्त की है। सामान्य



प्रशासन विभाग द्वारा मंगलवार को 24 आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए। वर्तमान पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार को विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी सह आयुक्त चंबल संभाग मुरैना बनाया गया है।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आकर महिलाएं और बच्चे झुलसे

## देवी मंदिर परिसर में महाअष्टमी की पूजा करने के दौरान अचानक मौसम बदलने से हुआ हादसा, उपचार जारी

नवभारत न्यूज

**सतना 30 सितंबर. जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर पड़री के कोरियान मोहल्ले में मंगलवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब आकाशी बिजली की चपेट में आकर 8 महिलाएं और बच्चियां झुलस गईं. सभी घायलों का उपचार मझगवां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है. जिसमें से एक महिला को गहन चिकित्सा निगरानी में रखा गया है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शारदेय नवरात्रि के क्रम में मंगलवार को महाअष्टमी होने के कारण ग्राम पंचायत लालपुर पड़री के कोरियान मोहल्ले में स्थित देवी मंदिर परिसर में विशेष पूजा अर्चना की जा रही थी. मंदिर में आस पास के रहवासी पूजा अर्चना करने के लिए काफी संख्या में पहुंच रहे थे. मंदिर में पहुंचकर पूजा करने और लौटने का क्रम सुबह से ही जारी थी.

इसी कड़ी में दोपहर के समय मंदिर परिसर में महिलाओं का सूमह पूजा अर्चना कर रहा था. समूह में महिलाओं के साथ कुछ बच्चियां भी शामिल थीं. बताया गया कि दोपहर बाद अचानक मौसम तेजी से बदलने लगा. बादलों के घुमड़ने के साथ ही



आकाश में गरज चमक शुरु हो गई. इसी दौरान अचानक ही आकाशीय बिजली तेजी से लपकते हुए मंदिर परिसर में आ गिरी. जिसकी चपेट में आने से वहां पर पूजा कर रहीं महिलाओं और बच्चियों का समूह झुलस गया. घटना होते ही मंदिर परिसर में कोहराम मच गया. शोरगुल सुनकर आस पास के रहवासी भागकर मौके पर पहुंचे. आनन-फानन में किसी तरह सभी घायलों को उपचार के लिए मझगवां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया. जहां पर भर्ती कर उनका उपचार शुरु किया गया. वहीं घटना की जानकारी मिलने पर एसडीओपी चित्रकूट राजेश बंजारे और थाना प्रभारी मझगवां आदित्य नारायण धुर्वे भी सीएचसी पहुंच गए और घायलों की स्थिति जानी.

### ये हुए घायल

सीएचसी मझगवां से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन घायलों का उपचार जारी है उनमें नीली प्रजापति पिता रामहित उम्र 14 वर्ष, रिया गौतम पिता राजेश उम्र 16 वर्ष, ममता यादव पिता रामसमुझ उम्र 22 वर्ष, अर्चना पिता सुरेंद्र उम्र 18 वर्ष, आंचल पिता सुरेशचंद्र उम्र 16 वर्ष, रुक्मणी यादव पिता बृजमोहन उम्र 21 वर्ष, स्वाति यादव पिता चिरौंजी उम्र 2 वर्ष, अनिल पिता सुरेंद्र उम्र 12 वर्ष और राजकुमार पिता नत्थूलाल उम्र 40 वर्ष सभी निवासी लालपुर शामिल हैं. ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. रुपेश सोनी से जानकारी देते हुए बताया कि सभी घायलों का उपचार जारी है व सभी खतरे से बाहर हैं. जिसके चलते किसी भी घायल को हायर सेंटर के लिए रेफर नहीं किया गया है. एक महिला को विशेष चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है.

# शातिर चोरों ने तीन घटनाओं को दिया था अंजाम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 30 सितम्बर। नौड़िहवा पुलिस ने माचीकला गांव में चोरी के मामले में चार चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। आरोपियों से 35 हजार का मशरूका जप्त किया है।**

पुलिस के अनुसार तीन चोर गढ़वा थाना क्षेत्र के हैं, जबकि एक घोरावल जिला सोनभद्र उ.प्र. का रहने वाला है। आरोपियों ने करीब 2 महीने पहले तमई गांव में हुई चोरी की घटना को अंजाम देने की भी बात कबूल की है।नौडिहवा चौकी प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि 27 सितंबर को आदर्श सिंह पिता जगत प्रताप सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी माचीकला ने




चौकी में शिकायत किया था कि रात 2 बजे घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने नगदी एवं सोने, चॉदी का जेवरात चोरी की घटना को अंजाम दिया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए तफ्तीश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि देर रात आरोपी भागते नजर आए थे। जहां पुलिस ने सुनील बसोर पिता भुवनेश्वर बसोर उम्र 28 वर्ष, पवन कुमार बसोर पिता बलीराम बसोर उम्र 30 वर्ष दोनों निवासी घोघरा, अनिल बसोर पिता रामलल्ली बसोर उम्र 23 वर्ष निवासी बभनदेवा थाना गढ़वा और रवी बसोर पिता रामजग बसोर उम्र 23 वर्ष निवासी महाव थाना घोरावल को गिरफ्तार किया। पूछतांछ में चोरों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। वहीं पुलिस ने चोरी गये माल मसरुका के संबंध में पूछतांछ किया गया, जहां आरोपियों ने करीब दो माह पहले तमई गांव में हुई चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कबूल की हैं। वहीं आरोपियों के कब्जे से 35 हजार रूपये का मसरूका बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विद्याविरिधि तिवारी, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मनोज सिंह, सउनि रमेश प्रसाद साकेत, प्रमोद वैस, अमजद खान, ओम प्रकाश शर्मा, पुष्पराज सिंह, धीरज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पटाखेदार साइलेंसर वाले वाहन चालकों पर यातायात पुलिस की सख्ती

नवभारत न्यूज

**सीधी, 30 सितम्बर. पटाखेदार साइलेंसर वाले वाहन चालकों पर यातायात पुलिस की सख्ती शुरू हो गई है।नियमों की अवहेलना पर त्वरित चालान व कठोर कार्यवाही होगी।**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।आज शहर में पैदल भ्रमण कर यातायात पुलिस ने



कार्यवाही की शुरुआत की। इसी क्रम में छत्रसाल स्टेडियम के पीछे बुलेट मोटरसाइकिल को पकड़कर 1,000 रुपये का चालान किया गया तथा पटाखेदार साइलेंसर जप्त किया गया।आज गश्त के दौरान भी थाना प्रभारी यातायात को एक बुलेट मोटरसाइकिल तेज आवाज करते हुए आती दिखाई दी। वाहन को रुकवाकर जांच की गई तो पाया गया कि चालक ने मूल साइलेंसर हटाकर अधिक शोर करने वाला गैर-कानूनी साइलेंसर लगवाया है। यह मोटर व्हीकल एक्ट का स्पष्ट उल्लंघन था। तत्काल चालानी कार्यवाही की गई, मोटरसाइकिल को जप्त कर अवैध साइलेंसर निकलवाया गया।ऐसे पटाखेदार साइलेंसर गोलियों जैसी तेज आवाज और गड़गड़ाहट पैदा करते हैं, जिससे ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है और आमजन परेशान होते हैं। यह शहर की शांति व्यवस्था एवं यातायात सुरक्षा के लिए भी खतरा हैं। पुलिस ने साफ किया है कि अब शहर में ऐसे वाहन चालकों की खैर नहीं है। लगातार चेकिंग अभियान के तहत मौके पर ही साइलेंसर निकलवाए जाएंगे और चालान की कार्यवाही की जाएगी।इसके अतिरिक्त तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने निर्देश दिए हैं कि यातायात नियमों का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए और नियम तोड़ने वालों पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाए।



# पुलिस ने 4 डीजल चोरों को जयन्त खदान से किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 30 सितम्बर। मोरवा पुलिस ने जयंत खदान में डीजल की चोरी कर रहे चार चोरों को दबोचते हुये उनके कब्जे से जरीकेन बरामद कर गिरफ्तार की है। यह कार्रवाई टीआई यूपी सिंह ने एसपी के निर्देश एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन में किया है।**

मोरवा पुलिस द्वारा रात्रि गस्त के दौरान सूचना मिली कि जयन्त खदान में कुछ अज्ञात चोरो द्वारा डीजल चोरी किया जा रहा है, जिसकी सूचना पर तत्काल मोरवा पुलिस जयन्त खदान में पहुंचकर जो डम्फर पार्किंग की घेराबंदी किये तो उक्त चोर पुलिस को देखकर जरीकेन व पाइप छोड़कर भागने लगे, तब पुलिस द्वारा 4 चोरों को डीजल एवं पाइप सहित पकड़ लिया गया एवं 2-3 अन्य चोर भाग गये। पकड़े गये डीजल चोरो से नाम पूछने पर लाला रावत पिता अनुज रावत उम्र 31 वर्ष निवासी अमरपुर थाना बहरी हाल निगाही मोड़ नर्सरी के बगल में थाना नवानगर, राजकुमार गुप्ता पिता मिश्रीलाल गुप्ता उम्र 24 वर्ष निवासी निगाही मोड़, तेजमन बसोर पिता श्रीराम भजन बसोर उम्र 31 वर्ष निवासी नंदगांव व अविनाश कुमार बसोर पिता शिवराम बसोर उम्र 21 वर्ष निवासी नंदगांव हाल रामलखन साहू का मकान शमसान घाट जयंत थाना विध्यनगर सभी चोरो को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया। जहां सभी डीजल चोरो को जेल भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में सउनि संतोष सिंह, गुलाब प्रसाद, संजीत सिंह, पिन्टू राय, प्रआर कुलदीप शर्मा, रामकुमार बागरी, आर सौरभ सिंह की महत्तवपूर्ण भूमिका रही

# रीवा संभाग में 385 केन्द्रों में होगा धान का उपार्जन

**रीवा, 30 सितम्बर**, किसानों को उनकी उपज का अधिकतम दाम देने के लिए शासन द्वारा पंजीकृत किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जाता है. शासन द्वारा एफ.ए.क्यू. धान के लिए 2369 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है. इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग के सभी जिलों में एक दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक का उपार्जन किया जायेगा. उपार्जन के लिए संभाग में 385 खरीदी केन्द्र प्रस्तावित किये गये हैं.

# दो आदतन अपराधी एक साल तक थाने में देंगे हाजिरी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 30 सितम्बर। जिला दंडाधिकारी कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने एसपी के प्रतिवेदन पर दो आदतन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।**

आदेश के अनुसार आदतन अपराधी एक वर्ष तक प्रत्येक सोमवार को संबंधित थानो में हाजिरी देंगे। यह कार्यवाही म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 05, 06 के अन्तर्गत की गई है। कलेक्टर द्वारा जारी प्रतिबंधत्मक आदेश के तहत आदतन अपराधी किस्तु उर्फ किस्तराज सिंह पिता अयोध्या प्रसाद सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम भरूहा पर 9 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। इसी तरह से सुरेन्द्र कुमार शाहू पिता कमला प्रसाद शाहू उम्र 36 निवासी चन्दावल पर कुल 8 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। कलेक्टर के द्वारा उपरोक्त अपराधियों के आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई.

# स्वदेशी की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाएं : डॉ . राजेश

नवभारत न्यूज

**सीधी, 30 सितम्बर. सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम की अध्यक्षता में शासकीय महाविद्यालय मड़वास में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत स्वदेशी जागरण रैली का आयोजन सम्पन्न हुआ।**

कार्यक्रम में विधायक धौहनी द्वारा विधायक निधि से प्रदत्त शासकीय महाविद्यालय के कक्षों का मरम्मतीकरण पश्चात कक्षों का शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अभ्युदय प्रताप सिंह, के.के. मिश्रा, पवन मिश्रा अध्यक्ष जनभागीदारी समिति मझौली सहित अन्य गणमान्य




नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आई.पी. प्रजापति ने अतिथियों का स्वागत किया और महाविद्यालय की आवश्यकताओं एवं मांगपत्र के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने स्वदेशी जागरण सप्ताह के अंतर्गत स्वदेशी की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाने और स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं और नागरिकों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और नशामुक्ति की शपथ दिलाई। सांसद ने महाविद्यालय के अन्य कक्षों के जीर्णोद्धार तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के निराकरण की भी बात कही।

BAJAJ FINSERV

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई–पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे–411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार–बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।

(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें (''टी एण्ड सी'') वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;

(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी / आरटीजीएस / बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;

(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा

(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।

(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(छ) शाखा प्रबंधक / नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

TQRCG

**स्कैन करें**

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित / निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे – gold.auction@bajajfinserv.in

(10-11-25) भोपाल–इमामी गेट रोड; PF46GOL13637660, 13679832, 13680524, 13808136.भोपाल - इंद्रपुरी; PF49GOL13610659. भोपाल - करोंद; PJD2GOL13646990, 13826189. (11-11-25): बीना – इटावा स्टेशन रोड; PCA6GOL13406450. डाबरा - मैन रोड; PKH4GOL13508817, 13619133, 13780581. दतिया – सीता सागर; P34EGOL13759585, 13779024. गाडरवारा इंद्रा वार्ड; PKA3GOL13460249. (12-11-25) गंज बसौदा - मैन रोड; P02WGOL13473523, 13619882, 13818864. गुना – ए बी रोड; PEH2GOL13579827, 13810744. ग्वालियर सिटी सेन्टर; PCA7GOL13405911, 13463676, 13626051, 13623101, 13628112. (13-11-25) ग्वालियर गोले का मंदिर; PJD1GOL13409243, 13495433, 13489767, 13506305, 13607372, 13606713, 13605470, 13628653, 13619540, 13640820, 13642025, 13713910, 13763859, 13776299, 13799340, 13823386. ग्वालियर - नया बाजार; PF25GOL13529774, 13588401, 13606017, 13741127. ग्वालियर विनय नगर; PEF2GOL13479912, 13560691, 13583414, 13645526, 13660957, 13761129. होशंगाबाद मीनाक्षी चौक; PCA9GOL13478303, 13478910, 13588594, 13588198, 13639757, 13681319, 13718231, 13760185, 13808067, 13823434. (14-11-25): इंदौर अन्नपूर्णा रोड; PER2GOL13806048. इंदौर विजय नगर; PGJ9GOL13638213, 13655574, 13675227, 13719916, 13742347, 13758207. इटारसी - सराफा बाजार; P03WGOL13494277, 13681502, 13715953, 13716768, 13764933. (17-11-25) जबलपुर–दीनदयाल चौक; PEH4GOL13624546, 13697468, 13808201, 13824595. जबलपुर - राइट टाउन; PG03GOL13434320, 13425924, 13462909, 13460643, 13508152, 13742854, 13804277. मुरैना–शिवनगर; PJC8GOL13534274, 13609988, 13625374, 13662423, 13699473, 13704330, 13714914, 13744717, 13781283, 13823751. पोरसा - BGL; P14PGOL13533641, 13565902. (18-11-25) रीवा - BGL; P4A7GOL13461302, 13463661, 13512264, 13532017, 13547744, 13717563, 13746008, 13746040, 13809381, 13825073. सागर पारकोटा; PLL1GOL13665584. सतना रीवा रोड; PCP2GOL13550405, 13643689. (19-11-25) शहडोल- BGL; P6E0GOL13407447, 13576503. श्योपुर शिवपुरी रोड; PLC3GOL13592495, 13642707, 13803629. शिवपुरी – एबी रोड; PEH3GOL13443037, 13512212, 13642005, 13643555, 13824024.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**

# विन्ध्य क्षेत्र में पहली बार हुआ स्किन डोनेशन

▶ मई माह में स्किन बैंक का हुआ था शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 सितम्बर, विन्ध्य क्षेत्र में पहली बार स्किन का डोनेशन किया गया. श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय अन्तर्गत संजय गांधी अस्पताल में गत दिनों दिवंगत व्यक्ति के शरीर से उनके परिजनों ने स्किन डोनेट कराई.**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गत मई माह में स्किन बैंक के शुभारंभ किया था. गत दिनों तोपखाना महाजन टोला रीवा निवासी शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय का देहांत हो गया था. श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय जो महिला एवं बाल विकास विभाग में कटनी में जिला कार्यक्रम अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं उन्होंने अपने स्व. पति श्री पाण्डेय की स्किन को डोनेट करने की इच्छा व्यक्त की. प्लास्टिक सर्जरी विभाग में सर्जन डॉ सौरभ सक्सेना और डॉ अजय पाठक की टीम ने स्व. पाण्डेय के शरीर की स्किन हार्वेस्टिंग करके स्किन बैंक में प्रिजर्व की गई.

इस प्रिजर्व की हुई स्किन को माइक्रो बायॅलाजिकल एण्ड बायोकेमिकल टेस्ट के पश्चात प्रोसेसिंग कर आवश्यकतानुसार अन्य गंभीर या ज्यादा जले हुए मरीज में लगाई जा सकेगी और इससे गंभीर जले हुए मरीजों की जान बच सकेगी. स्वर्गीय शिवेन्द्र पाण्डेय की स्किन के अतिरिक्त उनके परिजनों ने उनकी कार्निया का भी दान किया है.

### स्किन लेने में कोई दिक्कत नहीं होती : डॉ . सक्सेना



विभागाध्यक्ष डॉ सौरभ सक्सेना ने बताया कि दुर्घटना या बीमारी से व्यक्ति की मृत्यु के चार से छः घंटे के समय में स्किन हार्वेस्टिंग कर मृत व्यक्ति का शरीर परिजनों को सौंपा दिया जाता है. डा. सक्सेना ने बताया कि व्यक्ति के मौत होने के 6 घंटे से लेकर 24 घंटे के अंदर स्किन ली जा सकती है, अगर फ्रीजर में रखा गया है तो 24 घंटे में भी ले सकते है. प्लास्टिक सर्जरी विभाग के स्किन बैंक में दानदाताओं से प्राप्त स्किन को छः माह से पांच साल तक सुरक्षित रखा जा सकता है तथा आवश्यकतानुसार इसे बिना किसी जोखिम के जरूरतमंद मरीजों के उपयोग में लाया जा सकता है. डा. सक्सेना ने बताया कि मृत्यु होने पर घर से भी टीम पहुंचकर स्किन ले सकती है, इसमें पूरा शरीर देने की जरूरत नही होती है केवल स्किन ली जाती है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99